प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. हंगामे के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से हुआ शुरू : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अभिभाषण में कहा– महाकुंभ ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को किया साकार।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को सदन की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का किया स्वागत।
3. महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी : केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संगम में पवित्र स्नान कर महाकुंभ की व्यवस्था को बताया अद्‌भुत और अकल्पनीय। और
4. केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने आगरा में 10 दिवसीय ताज महोत्सव का किया उद्‌घाटन : महोत्सव में दिखेगी विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति की झलक।

————————

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की आज शुरूआत हुई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्य विधान मण्डल के वर्ष 2025 के प्रथम सत्र के लिए बुलाई गये दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए अपना अभिभाषण पढ़ा। राज्यपाल ने यह बताया कि सरकार के

प्रयासों और पहलों से प्रदेश ने विभिन्न योजनाओं में नंबर वनस्थान हासिल किया है। बाइट.....

*मेरी सरकार के सामूहिक प्रयासों से प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश देश में विभिन्न योजनाओं में प्रथम स्थान पर है। मेरी सरकार के अथक प्रयासों से उ0प्र0 धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनाओं तता पर्यटकों को आकर्षित करने में देश में शीर्ष स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में प्रसन्न स्थान है।*

विपक्षी सदस्यों के शोर–शराबे और हंगामे के चलते राज्यपाल अपना अभिभाषण पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने अभिभाषण पढ़ने की औपचारिकता दस मिनट में पूरी कर दी। अभिभाषण में उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से प्रयागराज में कराए जा रहे दिव्य–भव्य महाकुम्भ का विशेष उल्लेख किया और इसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार होना बताया। साढ़े 12 बजे सदन की कार्यवाही पुनः शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन को सूचित किया कि सदस्य सदन की कार्यवाही में हिन्दी के अलावा ब्रज, बुन्देलखंडी और भोजपुरी भाषाओं में कह और सुन सकेंगे।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया। बाइट..

*उत्तर प्रदेश के विभिन्न बोलियों को भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुन्देलखंडी को इस सदन में सम्मान मिल रहा है और हमारी सरकार को इन सब के लिए एक एकाडमी का भी गठन अलग अलग एकेडमी के गठन की कार्यवाही को भी आगे बढ़ा रही है। ये सभी हिन्दी की उपभाषाएं हैं यानी हिन्दी की बेटियां हैं।*

**विधान परिषद में सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने राज्यपाल के अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया। साथ ही सदन में कार्य परामर्श दात्री समिति की संस्तुतियों को सदन पटल पर रखा।**

**उत्तर प्रदेश विधानसभा बजट सत्र शुरू होने से पूर्व में मुख्यमंत्री ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 20 फरवरी को वर्ष 2025–26 का सामान्य बजट प्रस्तुत होगा। सदन ठीक से चले, यह सत्ता पक्ष का दायित्व तो है ही, विपक्ष का भी दायित्व है। बाइट.....**

*सदन अट्ठारह फरवरी से लेकर पाँच मार्च तक के लिए प्रस्तावितकिया गया है। उत्तर प्रदेश के इतिहास में ऐसे बहुत कम क्षण आए हैं जब इतने लंबे समय के लिए सदन आहूत किया गया हो लेकिन सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न हो। यह केवल सत्ता पक्ष का ही दायित्व नहीं होता है बल्कि विपक्ष का भी उतना ही महत्वपूर्ण दायित्व बनता है।*

————————

**प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। आज शाम 6 बजे तक एक करोड़ 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज सपरिवार त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में जो व्यवस्थाएं की है वह अद्भुत और अकल्पनीय हैं। बाइट.....

*भारत का जो सनातन धर्म है उसमें जो श्रद्धा रखने वाले लोग हैं। ये बहुत ही एक अलौकिक अनुभव है। इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों करोड़ों लोग आते हैं और इतना व्यवस्था माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी ने व्यवस्था किया है। ये तो अद्भुत है, ये अकल्पनीय है।*

राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ के लिए अच्छी व्यवस्था की है। दक्षिण भारत से हजारों–लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आर हे हैं। बाइट..

*यहाँ जो महाकुंभ मेला का योगी आदित्यनाथ सरकार इतना बढ़िया सुविधा श्रद्धालुओं के लिए दक्षिण से भी हजारों लाखों संख्या में रोज जो आ रहे हैं। पूरा देश जानते है दुनिया के लोग महाकुंभ मेला आना, ये बढ़िया है, महत्वपूर्ण है।*

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी आज महाकुंभ पहुंचे और गंगा स्नान किया। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा और संस्कृति अलग हो सकती है, लेकिन हमारा धर्म एक है।

---

प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को भी प्रयागराज त्रिवेणी संगम के जल द्वारा स्नान कराने की अनोखी पहल शुरू हुई है। इसी क्रम में उन्नाव जेल में करीब एक हजार महिला और पुरूष बंदियों को संगम के जल से स्नान करवाया गया।

---

कुंभ के पलट प्रवाह के कारण काशी के रेलवे स्टेशनों पर अत्यधिक भीड़ के देखते हुए स्रक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। उत्तर रेलवे के एडीआरएम लाल जी चौधरी ने बताया कि सुरक्षा के साथ–साथ यात्री सुविधाओं को भी बढ़ाया जा रहा है। बाइट.....

*अभी जो पिछला ये स्नान हुआ है माघी पूर्णिमा वाला इसके बाद से भीड़ बहुत ज़्यादा आ रही है। इसके लिए हमने तीन लेयर ऑपरेट कर रहे है हम मिडल लेयर जो इमरजेंसी लेयर था उसको भी हम चौबीस घंटे चला रहे हैं। इसके माध्यम से हम बाहर पब्लिक को रोक रहे हैं। जैसे जैसे ट्रेन हम व्यवस्था कर रहे हैं रेगुलर ट्रेन से भेज रहे है और हमारी सबसे ज्यादा प्रायोरिटी सेफ्टी है। सेफ्टी के साथ हो थोड़ा लेट भी हो जाए कोई बात नहीं है और हमारा पूरा प्रयास है हम इसके साथ चलाते रहे।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आज भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर का भ्रमण किया आर

महापरिनिर्वाण मन्दिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विश्व शांति की कामना की। इस अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश पर्यटन विकास की नई ईबारत लिख रहा है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन की आपार संभावनाएं है। उन्होंने श्री शेखावत ने इसके बाद गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में गुरू गोरक्षनाथ के दर्शन किये।

---

चौबीस फरवरी से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रदेश में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अमरोहा में आज जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। वहीं जौनपुर में भी प्रशासन ने संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर निगरानी के लिए विशेष तैयारी है। जिले में 13 अति संवेदनशील और 24 संवेदनशील केंद्र चिह्नित किए गए हैं। बोर्ड परीक्षाएं 12 मार्च तक चलंगी।

---

केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आज आगरा में दस दिवसीय ताज महोत्सव का उद्‌घाटन किया। 18 से 27 फ़रवरी तक चलने वाला यह महोत्सव संस्कृति का

महाकुम्भ थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में देश भर से आये 375 से अधिक शिल्पी अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। महोत्सव के तहत शिल्पग्राम, फतेहपुर सीकरी, ताज व्यू गार्डन और बटेश्वर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। इनमें मालिनी अवस्थी, जस्सी गिल, श्रद्धा मिश्रा, कन्हैया मित्तल, सुनील ग्रोवर, साबरी ब्रदर्स जैसे नामचीन कलाकार शामिल होंगे।

———————

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में आज वाराणसी के नमो घाट पर ऋषि अगस्त्य और विकसित भारत विषय पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। इस मौके पर सीबीसी लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

उधर, काशी–तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के 200 सदस्यों का समूह प्रयागराज और काशी होते हुए आज अयोध्या पहुंचा, सदस्यों का स्वागत श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने किया। समूह के सदस्यों ने रामलला के दर्शन किए। बाइट.......

*अभी हम दो सौ जन इधर आये हुए। हमारा जो दर्शन है बहुत अच्छा हुआ है। इसके लिए हमारा जो सेंट्रल गवर्नमेंट का और यहाँ का मुख्यमंत्री है सबका सभी का हमारा अनुरोध है, हमारे लिए बहुत अच्छा कार्यक्रम है। हमारे लिए बहुत अच्छा ये यात्रा भी है।*

——————————

रक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा विभाग का 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से लखनऊ में शुरू हुआ। सूर्या खेल परिसर में रक्षा लेखा महानियंत्रक देविका रघुवंशी ने इस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार खेलों को बहुत बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि आज से लखनऊ में शुरू हुए टूर्नामेंट में देशभर के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले विभिन्न विभागों के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड–डीएएससीबी के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता 21 फरवरी तक चलेगी।

(समाप्त)